क्यों भूल गए श्यामा मुझे पागल समझ कर

श्यामा, श्यामा, श्यामा, श्यामा,
क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर भूल गए,
पागल समझ कर भूल गए,
श्याम पागल समझ कर भूल गए,
क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर भूल गये।

मेरे मन में उठी उमंगें,
जप लूं नाम तुम्हारा,
तुम श्यामा, अब दर्शन दे दो,
तुम श्यामा, अब दर्शन दे दो,
होगा भला हमारा,
हम हैं बालक नादान,
क्यों कर हमको भूल गए,
क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर, भूल गये।

तुम आओ या ना आओ,
मैं लूँगी नाम तुम्हारा,
जहाँ कहीं भी, तुम जाओगे,
पीछा करूँ तुम्हारा,
पीछा करूँ तुम्हारा,
मैं छोड़ नहीं सकती,
तुम बेशक मुझको छोड़ गये,
क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर, भूल गये।

दुनियां में तुम भक्ति की माला,
जल्दी फेरो भगवन,
नहीं तो इस दुनिया में श्यामा,
नहीं तो इस दुनिया में श्यामा,
धर्म होएगा भंग,
क्यों तोड़ रहे श्यामा,
मेरा भक्ति भरा दिल तोड़ रहे,
क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर, भूल गये।

मेरे मन में आस उठी तब,
आई पास तुम्हारे,
मातृदत्त तुम्हारा, तुम बिन,
मातृदत्त तुम्हारा, तुम बिन,

व्याकुल नन्द दुलारे,
मैं भूल नहीं सकती,
तुम बेशक हमको भूल चले,
क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर, भूल गये।

क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर, भूल गए,
पागल समझ कर भूल गए,
श्याम पागल समझ कर भूल गए,
क्यों भूल गए श्यामा,
मुझे पागल समझ कर, भूल गये........

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/24267/title/kyu-bhool-gye-shyama-mujhe-pagal-samaj-kar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |